आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट





उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित

बर्ष :13 अंक :484 पृष्ठ -4 दिनांक 21 मई 2025 दिन बुधवार


## वाराणसी संकट मोचन मंदिर के महंत के घर चोरी
## करोड़ों के पुश्तैनी गहने और कैश लेकर फरार हुए चोर

वाराणसी जनपद में उस समय हड़कंप की स्थिति मच गई जब प्राचीन संकट मोचन मंदिर महंत के तुलसी घाट स्थित आवास पर लाखों रुपए के नगदी और करोड़ों रुपए के जेवरात की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया. प्राप्त जानक. ारी के अनुसार महंत जी जब दिल्ली थे तब चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया. इसके बाद मानो पूरे जनपद में हड़कंप मच गया हो. फिलहाल इस मामले में निक. टतम थाने ने संज्ञान लेते हुए टीम गठित करके चोरों की तलाश शुरू कर दी है. वाराणसी के प्राचीन संकट मोचन मंदिर के महंत और उनका परिवार तुलसी घाट स्थित आवास पर रहता है. इस दौरान



महंत किसी आवश्यक कार्य के लिए दिल्ली गए हुए थे, तभी सोमवार को दिन में चोरों ने घात लगाकर लाखों रुपए नगदी और करोड़ों के जेवरात चोरी कर लिए. सीसीटीवी फुटेज से भी तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें चोर सामान ले जाते हुए देखे जा रहे हैं. इस मामले में वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट नें संज्ञान लेते हुए टीम गठित कर दी है और चोरों की तलाश के लिए धरपकड़ तेज कर दिया है. पुलिस का साफ कहना है कि जल्द से जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा.घटना कुछ ही देर बाद पूरे शहर में सनसनी की तरफ फैल गए. लोगों के बीच इस बात की चर्चा होने लगी कि आखिर में महंत परिवार के घर यह चोरी की घटना कैसे हो गई, क्योंकि सीसीटीवी कैमरा के साथ–साथ आवास पर सेवादार भी रहते हैं. प्रारंभिक जांच और आरोप के आधार पर यह दावा किया जा रहा है कि किसी जानकार व्यक्ति द्वारा ही इस पूरी घटना को अंजाम दिया गया है. पुलिस आसपास के इलाकों में भी जांच कर रही है.

## मुरादाबाद में पुराने कपड़ों के पांच गोदामों में भीषण आग, कई किलोमीटर तक दिखीं लपटें

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के भोजपुर थाना क्षेत्र के रानी नांगल गांव में सोमवार रात पुराने कपड़ों के पांच गोदामों में भीषण आग लग गई. आग की लपटें और धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई. फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियों ने रात भर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया. राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई. फिलहाल आग के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है.रानी नांगल गांव में कपड़ों के करीब 100 से अधिक गोदाम हैं, जहां पुराने कपड़ों को स्टोर कर दरी, पायदान और खेस जैसे उत्पाद बनाए जाते हैं. सोमवार रात करीब 8 बजे के बाद स्थानीय लोगों ने एक

गोदाम से धुआं उठते देखा. शोर मचाने के साथ ही लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश शुरू की, लेकिन तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल गई और पास के चार अन्य गोदामों को भी अपनी चपेट में ले लिया.स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित किया. सूचना मिलने के 25 मिनट बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए पानी की बौछार शुरू की. हालांकि, आग इतनी भीषण थी कि काबू करने में दमकल कर्मियों के पसीने छूट गए, पड़ोसी जनपद रामपुर से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मंगवाना पड़ीं.फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियों ने आधी रात तक कड़ी मेहनत की और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया. आग की लपटों और धुएं ने गांव में चीख–पुकार मचा दी थी. शुरुआत में आशंका थी कि कोई गोदाम में फंसा हो सकता है, लेकिन फायर ब्रिगेड ने इसकी पुष्टि नहीं की. सुरक्षा के लिहाज से गांव की आबादी को घरों से बाहर निकाला गया, ताकि आग आसपास के रिहायशी इलाकों तक न पहुंचे.आग लगने का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं है. स्थानीय लोगों का मानना है कि मजदूर अक्सर गोदामों में बीड़ी–सिगरेट पीते हैं और लापरवाही में फेंकी गई बीड़ी आग का कारण हो सकती है. वहीं, कुछ लोगों ने शॉर्ट सर्किट की संभावना भी जताई है. पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मामले की जांच कर रही हैं, ताकि आग लगने के सही कारण का पता लगाया जा सके.उधर सूचना पर पुलिस–प्रशासन के साथ ही एसडीएम डॉ. राम मोहन मीना भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया. उन्होंने बताया कि आग काफी बड़े एरिया में फैल गई है. आसपास के घरों को खाली कराया गया है. इस बात की जांच की जा रही है कि आग किस वजह से लगी. कोई जनहानि की सूचना अभी तक नहीं है.पांच गोदामों में रखे पुराने कपड़े और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई. हालांकि, नुकसान की सटीक राशि का आकलन अभी नहीं हो सका है. गोदाम मालिकों का कहना है कि इस हादसे से उनकी आजीविका पर गहरा असर पड़ेगा. प्रशासन ने प्रभावित लोगों को सहायता का आश्वासन दिया है.

## उत्तर प्रदेश में मौसम में उतार–चढ़ाव जारी है. कहीं गर्मी और तेज धूप पड़ रही है, जिसकी वजह से लोगों का जीना मुहाल

उत्तर प्रदेश में मौसम में उतार–चढ़ाव जारी है. कहीं गर्मी और तेज धूप पड़ रही है, जिसकी वजह से लोगों का जीना मुहाल है तो वहीं कुछ जगहों पर मेघ गर्जन के साथ बारिश होने की वजह से भीषण गर्मी से राहत मिल रही है. लेकिन, अब प्रदेश में एक बार फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है. प्रदेश के कई हिस्सों में आज (20 मई) झोंकेदार हवाओं और गरज–चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है, जिससे तापमान में मामूली गिरावट आएगी. 25 मई तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है. वहीं पिछले 24 घंटों में बांदा सबसे अधिक तापमान रिकॉर्ड किया गया है. मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर प्रदेश के दोनों संभागों में आज बारिश का अनुमान जताया गया है. इस दौरान गरज–चमक के साथ कहीं–कहीं वर्षा होगी. इसके साथ ही कहीं–कहीं मेघ गर्जन के साथ बिजली गिरने और 40–50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की चेता. वनी जारी की गई हैं. इस पूरे हफ्ते प्रदेश में ऐसा ही मौसम रहेगा. 24 मई से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से पूरे प्रदेश में बारिश होगी. कई जगहों पर झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी. यूपी में आज सहारनपुर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सीतापुर, बाराबंकी, गोंडा, अयोध्या, ललितपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, बस्ती, अंबेडकर नगर, संत कबीर नगर, गोरखपुर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर, आजमगढ़, वाराणसी, संत रविदास नगर, मीरजापुर, चंदौली और सा. `नभद्र में एक या दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ बारिश होगी और तेज झोंकेदार हवाएं चलेंगी.इसके साथ ही कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच और लखीमपुर खीरी में ज्यादातर स्थानों पर बा. रिश का अनुमान हैं. यहां बिजली गिरने की भी चेतावनी जारी की गई है.बारिश की वजह से आने वाले दिनों में लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी और अधिकतम तापमान में 2–3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आएगी. पिछले 24 घंटों की बात करें तो बांदा में सबसे अधिक तापमान रिकॉर्ड किया गया. यहां अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया. इसके अलावा झांसी, उरई, हमीरपुर, कानपुर सबसे अधिक गर्म जिलों में शामिल रहे. यहां तापमान भी 43 से 44 डिग्री के बीच रहा. इसके अलावा आगरा, अलीगढ़, बुलंदशहर, हरदोई व आसपास के इलाकों में भी जमकर गर्मी पड़ रही है.









## 5 साल की मासूम से रेप के बाद हैवानियत, सिर के बल पटका, हाथ–पैर की तोड़ी हड्डियां

बस्ती के लालगंज थाना क्षेत्र में 2 दिन पूर्व 5 साल की एक मासूम बच्ची के साथ की गई दरिंदगी की इंतहा का खुलासा पोस्ट मॉर्टम रिपोर्ट से हो गया है. पोस्ट मॉर्टम रिपोर्ट को तैयार करने वाले डॉक्टरों के मुताबिक, बच्ची के साथ बोथ साइड रेप और हाथ पैर की टूटी हड्डी, गला दबाने के साथ गला काटने की पुष्टि हुई है. लालगंज थाना क्षेत्र के प्रभारी शशांक शेखर राय ने बताया कि पोस्ट मॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार बच्ची के साथ दरिंदगी की बात सामने आई है, पुलिस की पांच टीम आरोपी की तलाश कर रही है.लालगंज चौकी क्षेत्र में एक पाँच साल की बच्ची के साथ जो हुआ है, वह किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मनाक है. एक नन्हीं जान, जो अभी दुनिया को ठीक से समझ भी नहीं पाई थी, उसे हैवानियत की ऐसी पराकाष्ठा से गुजरना पड़ा कि शब्दों में बयान करना मुश्किल है. लालगंज का यह गाँव, जो कल तक अपनी सादगी और शांत माहौल के लिए जाना जाता था, आज मातम और खौफ के साये में डूबा है. यहाँ के हर घर में उदासी है, हर आँख में आंसू हैं.दरअसल बीते रविवार को एक पांच साल की मासूम, अपनी दादी को ढूंढने के लिए घर से निकली थी. उसे क्या पता था कि घर के बाहर एक दरिंदा उसकी जिंदगी को हमेशा के लिए खत्म करने की नीयत से इंतजार कर रहा था. वह मासूम कभी घर नहीं लौटी, और जब लौटी तो उसकी बेजान, क्षत–विक्षत देह देखने के बाद हर किसी की रूह कांप गई. थानेदार लालगंज के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, बच्ची के साथ श्बोथ साइड रेपश किया गया. इसके बाद जिस क्रूरता से उसकी हत्या की गई, उस हैवान का मकसद सिर्फ बलात्कार नहीं, बल्कि उस मासूम को तड़पा–तड़पाकर मारना था.पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक, मासूम को मारने के लिए दरिंदे ने उसे पैर पकड़कर सिर के बल जोर से पटका. उसके दोनों हाथों की हड्डियां तोड़ दी गईं, एक पैर की भी हड्डी टूट गई थी. उसके मासूम पेट पर कई घूंसे मारे गए, जिससे उसकी सीने की हड्डी भी टूट गई. हैवान यहीं नहीं रुका, उसने बच्ची के गले को पहले जोर से दबाया और फिर अंत में गला भी काट दिया. इस रिपोर्ट का हर विवरण बताता है कि उस शैतान ने बच्ची की अंतिम सांस रोकने तक के लिए हर संभव प्रयास किया. वह चाहता था कि बच्ची किसी भी कीमत पर जीवित न रहे, ताकि उसकी हैवानियत का कोई गवाह न बचे. यह क्रूरता की पराकाष्ठा है, जो यह बताती है कि दरिंदे ने किस हद तक शैतानियत का लिबास ओढ़ लिया था. एसपी अभिनंदन का कहना है कि ष्यह एक बेहद संवेदनशील और गंभीर मामला है. हमने पाँच टीमें बनाई हैं जो चौबीसों घंटे काम कर रही हैं. हमारी पहली प्राथ. मिकता आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करना है. हम हर पहलू से जांच कर रहे हैं, कोई भी सुराग छोड़ेंगे नहीं. हम गाँव वालों से पूरी सहयोग की अपेक्षा करते हैं. हम इस मासूम को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

### उत्तर प्रदेश पुलिस को लेकर करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो शेयर किया

यूपी पुलिस के द्वारा करणी सेना कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई को लेकर सवाल उठाते हुए कड़े शब्दों में संदेश दिया है. एक्स पर वीडियो शेयर कर राज शेखावत ने कहा, ष यूपी पुलिस प्रशासन से मेरा स्पष्ट और कड़े शब्दों में संदेश. आज के बाद अगर किसी भी करणी सेना के कार्यकर्ता पर, जो अनुशासन में रहते हुए अपनी बात रखता है, लाठीचार्ज किया गया या गिरफ्तारी के बाद कस्टडी में थर्ड डिग्री टॉर्चर दिया गया तो सुन लो, मैं मां करणी की कसम खाकर कहता हूं, तुम्हारी नौकरी खा जाऊंगा. चाहे किसी भी रैंक का कर्मच. ारी हो. हमारा कुछ नहीं बिगड़ेगा, आप केस कर देना, जेल में डाल देना, लेकिन तुम्हारी सरकारी नौकरी है न, उस पर आंच आएगी. और जब तक उपयुक्त कार्यवाही नहीं लूंगा, मैं मैदान नहीं छोड़ूंगा. कान खोल कर सुन लो– ये चेतावनी है, निवेदन नहीं.ष्जानें पूरा मामलादरअसल पूरा मामला 14 मई का है, जब क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र राणा आगरा आए थे. 14 मई को महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में आगरा में अलग–अलग 10 जगहों पर कार्यक्रम थे. ओकेंद्र राणा फते. हाबाद से गांव सिकरार आ रहे थे, लेकिन जब उन्हें पता चला कि पुलिस ने बिना अनुमति के कार्यक्रम रोक दिया है तो वे वहां नहीं गए. इसके बाद वह ताजगंज के गांव नौफरी चले गए. वहां उन्हें लोहे के बोर्ड का अनावरण करना था. उस बोर्ड



पर राजपूतों के गढ़ नौफरी में स्वागत लिखा था. साथ ही बीच में महाराणा प्रताप की आकृति बनी हुई थी.इस दौरान पुलिस ने कार्यक्रम रुकवाना चाहा. लेकिन ओकेंद्र राणा बोर्ड पर लगा लाल कपड़ा हटा कर कार्यक्रम से चले गए. इसके बाद पुलिस ने करणी सेना के 11 कार्यकर्ताओं को पकड़ा. पुलिस ने सभी कार्यकर्ताओं को शांतिभंग मामले में जेल में डाल दिया. उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ जबरन मारपीट करने के साथ उनके साथ अभद्र व्यवहार किया है. जिसके बाद करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यूपी पुलिस को लेकर वीडियो जारी किया.

# जिला अस्पताल में रोजाना 150 मरीज, डॉक्टर्स ने दी सावधानी बरतने की सलाह

हाथरस में भी गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है और जिला अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 150 मरीज त्वचा संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। गर्मी और पसीने के कारण फंगल इंफेक्शन के मामले बढ़ रहे हैं।शरीर के जिन हिस्सों में पसीना अधिक आता है, जैसे बगल, जांघ और छाती में संक्रमण ज्यादा हो रहा है।मरीजों में दाद, खाज, खुजली, त्वचा पर चकत्ते और दाने जैसे लक्षण दिख रहे हैं। सरकारी के अलावा प्राइवेट अस्पतालों में भी त्वचा संबंधी बीमारियों के मरीज काफी संख्या में पहुंच रहे हैं।तेज धूप में निकलने से बचें जिला अस्पताल की चिकित्सक डॉक्टर सुमन सिरोही ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि रोजाना ताजे पानी से स्नान करें और नहाने के पानी में एंटीसेप्टिक डालें। डॉक्टर सिरोही ने कपड़ों की सफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है। कपड़ों को धूप में अच्छी तरह सुखाएं। रोजाना अंडर गारमेंट्स बदलें।संक्रमित व्यक्ति के कपड़े अलग धोएं। टाइट कपड़े और जींस पहनने से बचें। फुल आस्तीन के कपड़े पहनें। तेज धूप से बचें। अगर बाहर जाना जरूरी हो तो चेहरा ढककर रखें। तेज मसालेदार और तले–भुने भोजन से परहेज करें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं ताकि शरीर में पानी की कमी न हो।

## सादाबाद में भाजपा सरकार के आह्वान पर तिरंगा . शौर्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया

सादाबाद में भाजपा सरकार के आह्वान पर तिरंगा शौर्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा महाराजा अग्रसेन सेवा सदन से प्रारंभ हुई। यह जवाहर बाजार और निरंजन बाजार होते हुए महात्मा गांधी पार्क पर समाप्त हुई।महाराजा अग्रसेन कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने यात्रा में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। भाजपा नेता, व्यापारी और स्थानीय लोगों ने भी इसमें सहभागिता की। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और जय जवान के नारे लगाए गए।यात्रा के समापन पर ऑपरेशन सिंदूर में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। पाकिस्तान में पहलगाम हमले का बदला लेने वाले जवानों की प्रशंसा की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष हेमलता अग.वाल ने यात्रा को रवाना किया।कार्यक्रम में महेंद्र सिंह आचार्य, राधारमण अग्रवाल, अनिल पाराशर, अरुण शर्मा, हेमंत गौतम, चरण सिंह सागर, मनोज सोनी, अमित वर्मा, ओमवीर प्रधान, सुधीर गर्ग, प्रीति चौधरी, राधेश्याम पागल और सुनील गौतम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हाथरस के मुरसान क्षेत्र की ग्राम पंचायत . सुरतिया में खेलों को प्रोत्साहन दिया

हाथरस के मुरसान क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुरतिया में खेलों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। ग्राम प्रधान धीरेन्द्र सिंह ने पंचायत के सभी गांवों के 25 युवा खिलाड़ियों को क्रिकेट किट और खेलकूद का सामान वित.रित किया। प्रधान धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि युवा देश की प्रगति और उन्नति में अहम भूमिका निभाते हैं।उन्होंने युवाओं को हर कदम पर सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। उन्होंने युवाओं



से कहा कि इसके अलावा और भी जो कुछ सहयोग चाहिए, वह उस खिलाड़ी का सहयोग करेंगे। खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करें।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद... कार्यक्रम में सचिन, अमित, राहुल, आकाश, छोटू, गावर, भोला, रोहिताश और रमाकांत समेत कई खिलाड़ी मौजूद रहे। खेल सामग्री मिलने पर खिलाड़ियों ने खुशी जाहिर करते हुए ग्राम प्रधान का धन्यवाद किया।

## डेंगू और लू से बचाव के लिए विशेषज्ञों ने दिए टिप्स, प्रधानाचार्य ने किया मार्गदर्शन



सासनी विद्यापीठ इंटर कॉलेज में आज डेंगू और लू से बचाव को लेकर छात्रों को जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. राजीव कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया।डेंगू से बचाव के लिए प्रधानाचार्य ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि मच्छरदानी का उपयोग करें। लंबी आस्तीन के कपड़े पहनें। मच्छर भगाने वाली क्रीम का इस्तेमाल करें। आस–पास जमा पानी को हटा दें।विद्यालय के शिक्षक अशोक कुमार ने डेंगू के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह एक मच्छर जनित बीमारी है। संक्रमित मच्छर के काटने से वायरस रक्त में प्रवेश कर जाता है। यह बीमारी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में सीधे नहीं फैलती।लू से बचाव के लिए भी विशेष सुझाव दिए गए। दोपहर में धूप से बचें। हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें। बाहर जाते समय सिर को ढककर रखें। पानी की कमी से बचने के लिए ओआरएस, लस्सी, छाछ और नींबू पानी का सेवन करें।स्वस्थ जीवनशैली के लिए संतुलित आहार लें। नियमित व्यायाम करें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। पोषक तत्वों का सेवन करें। साथ ही आस–पास की साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें।

## हाथरस में किसान की सड़क हादसे में मौत

हाथरस के सिकंद्राराऊ कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में 28 वर्षीय किसान अनिल यादव की मौत हो गई। घटना कासगंज रोड पर गांव खेमगढ़ी के पास हुई। खेमगढ़ी गांव निवासी अनिल यादव कल देर रात गर्मी के कारण सड़क पर टहल रहे थे। इस दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। मौके पर भीड़ लग गई। घायल अनिल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंद्राराऊ ले जाया गया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। सिकंद्राराऊ कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाया है।परिजनों में मचा कोहराम... मृतक अनिल यादव पुत्र महाराज सिंह यादव के साथ खेती–बाड़ी कर परिवार का भरण–पोषण करते थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अज्ञात वाहन चालक की तलाश जारी है। घटना के बाद परि.जनों में कोहराम मच गया।







## हाथरस के सरस्वती इंटर कॉलेज में रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया

हाथरस के सरस्वती इंटर कॉलेज में रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने मां सरस्वती और रानी अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण किया।माहेश्वरी ने बताया कि रानी अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को हुआ था। वह 18वीं शताब्दी में मालवा की शासक थीं। उन्होंने अपने पति खंडेराव होल्कर की मृत्यु के बाद राज्य की कमान संभाली। वह अपनी बुद्धिमत्ता और न्यायप्रियता के लिए जानी जाती थीं।रानी अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में गरीबों और कमजोर वर्गों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लिए धार्मिक स्थलों का निर्माण करवाया। तीर्थ यात्रियों के लिए सुविधाएं विकसित कीं।कॉलेज का स्टाफ और विद्यार्थी रहे मौजूद...उन्होंने महिलाओं के अधिकारों की रक्षा की और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा दिया। व्यापार और वाणिज्य के विकास के लिए सड़कों और पुलों का निर्माण करवाया। भाजपा 21 से 31 मई तक उनकी 300वीं जयंती मना रही है। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## गर्मी के कारण तिरंगा यात्रा रद्द करके संगोष्ठी की गई

हाथरस के सिकंद्राराऊ में भाजपा द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी में विधायक वीरेंद्र सिंह राणा ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंक के खिलाफ कार्रवाई की।विधायक ने कहा कि पहलगाम की घटना का बदला लेते हुए सेना ने पाकिस्तान में 100 आतंकवादियों को मार गिराया। साथ ही कई एयरबेस को भी नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने युद्धविराम की गुहार लगाई। कार्यक्रम मूल रूप से साई आनंद बल्लभ स्कूल से तिरंगा यात्रा के रूप में प्रस्तावित था। गर्मी के कारण इसे संगोष्ठी में बदल दिया गया। मंडल अध्यक्ष मुकुल कुमार गुप्ता ने संगोष्ठी का संचालन किया।यह रहे मुख्य रूप से शामिल... कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, जयपाल सिंह चौहान, मुकेश चौहान, गिरीश मोहन गुप्ता और मीरा माहेश्वरी समेत कई नेता मौजूद थे। दाऊ दयाल वार्ष्णेय, अच्युत त्रिवेदी, सतीश यादव, अजय पाल सिंह और निर्मल दास सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

हाथरस के मुरसान क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की की जबरन शादी का मामला सामने आया है। मां की शिकायत पर पुलिस ने लड़की के भाई समेत 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।नगला हीरा सिंह की रहने वाली रामवती ने बताया कि उसकी बेटी सीमा महज 14 साल की है। सीमा का जन्म 4 मार्च 2009 को हुआ था और वह 8वीं तक पढ़ी है। 5 मई को उसकी शादी सादाबाद के वटपुरा निवासी सोनवीर से की जा रही थी। राम.वती ने बताया कि यह शादी उसकी मर्जी के खिलाफ की जा रही थी।उसके देवर रामस्वरूप, बेटा सोनू, राधा, सुभाष और नगरिया नंदराम के गंभीर सिंह जबरन शादी करवा रहे थे। किसी ने इसकी सूचना पुलिस और बाल कल्याण समिति को दी। इसके बाद बाल विवाह को रोक दिया गया। अब इस मामले में पुलिस ने मुक.दमा दर्ज किया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिला मजिस्ट्रेट ने ड्राइविंग ट्रैनिंग एंड टैस्टिंग इंस्टीट्यूट सेंटर का किया औचक निरीक्षण

## केंद्र में साफ–सफाई, उपकरणों की क्रियाशीलता एवं ट्रैक को साफ–सुथरा रखने के दिए निर्देश

अलीगढ़ जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन द्वारा मंगलवार को आईटीआई रोड स्थित ड्राइविंग ट्रैनिंग एंड टैस्टिंग इंस्टीट्यूट सेंटर का औचक निरीक्षण किया गया। डीएम ने निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, प्रशिक्षुओं की उप. स्थिति, प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं अभिलेखों का परीक्षण किया। जिला मजिस्ट्रेट ने निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण कक्षाओं, सिम्युलेटर प्रयोगशाला, टैस्टिंग ट्रैक एवं कार्यालय अभिलेखों का अवलोकन किया और प्रशिक्षण के लिए आए प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर प्रशिक्षण की प्रगति और उपलब्ध संसाधनों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने केंद्र में साफ–सफाई, उपकरणों की क्रियाशीलता के साथ ही ट्रैक को साफ–सुथरा रखने के निर्देश दिए ।प्रशिक्षण केंद्र प्रभारी आरआई अनुराग वर्मा ने बताया कि ड्राइविंग ट्रैनिंग एंड टैस्टिंग इंस्टीट्यूट सेंटर मारूति सुजकी द्वारा संचालित है। यह संस्थान जिले में ड्राइविंग प्रशिक्षण, सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं लाइसेंस परीक्षण की उच्च स्तरीय सेवाएं प्रदान कर रहा है। निरीक्षण के दौरान सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम पंकज कुमार, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश के मा0 वित्त मंत्री श्री सुरेश खन्ना आज सांय अलीगढ़ में

अलीगढ़ मा0 मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग उत्तर प्रदेश श्री सुरेश कुमार खन्ना जी आज 20 मई को रेलमार्ग द्वारा रात्रि 08:15 बजे अलीगढ़ पधार रहे हैं। मा0 मंत्री जी 08:35 बजे सर्किट हाउस में मा0 जनप्रतिनिधियों के साथ भेंट एवं वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। मा0 मंत्री जी 09:30 बजे चौ0 ऋषिपाल सिंह मा0 सदस्य विधान परिषद के घर सांगवान सिटी पहुँच उनकी माताजी के निधन पर शोक संवेदना प्रकट करेंगे। तदोपरान्त 10:30 बजे रेलमार्ग द्वारा लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# पर्व एवं परीक्षाओं के दृष्टिगत 13 जुलाई तक महानगर क्षेत्र में धारा 163–भारतीय नागरिक सुरक्षा लागू

अलीगढ़ रू अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर अमित कुमार भट्ट ने अवगत कराया है कि महानगर में 07 जून को ईदुज्जुहा (बकरीद),06 जुलाई को मोहर्रम एवं विभिन्न मा0 आयोग द्वारा समयसमय पर आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत व अन्य संवे. दनशील कारणों से आपातिक स्थिति है। स्थानीय अभिसूचना एवं अन्य माध्यमों से यह ज्ञात हुआ है कि इस अवसर पर कतिपय असामाजिक तत्व जिले की शान्तिव्यवस्था भंग करने की कुचेष्ठा कर सकते हैं, जिससे महानगर की शान्ति एवं कानूनव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। ऐसी परिस्थिति में महानगर में शान्ति–व्यवस्था, कानूनव्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिये 13 जुलाई 2025 तक धारा163(2) भारतीय नागरिक सुरक्षा तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।उन्होंने निर्देशित किया है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा लागू होने की अवधि में बैंकट हाल, मैरिज होम मालिक पार्टी, शादी के दौरान लाइसेंसी शस्त्रों का उपयोग नहीं करने देंगे और यदि उनकी बात नहीं मानी जाती है तो 112 नम्बर डायल कर पुलिस को सूचित करेंगे। कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार की अफवाह नहीं फैलाएगा व झूठी खबरों को प्रकाशित नहीं करेगा व न करायेगा और ना ही इसके प्रसारण में सहायक होगा, जिससे आम जनता, विभिन्न वर्गों, सम्प्रदायों के मध्य घृणा व द्वेष की भावना उत्पन्न हो अथवा शांति–व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो। कोई भी व्यक्ति ऐसी तस्वीर, कार्टून, हैण्डबिल, दीवार लेख, बैनर, पोस्टर आदि नहीं लिखेगा और प्रकाशित नहीं करेगा और न करायेगा, जिससे शान्ति–व्यवस्था भंग होने की सम्भावना हो। कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों यथा मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च से ऐसी कोई बात का प्रसारण या चर्चा नहीं करेगा जिससे समाज में भय, आतंक, सामुदायिक वैमनस्यता एवं अव्यवस्था उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति अथवा संगठन किसी भी व्यक्ति व समुदाय के प्रति अपमानजनक भाषा या गाली का प्रयोग नहीं करेगा और न ही किसी का पुतला दहन कर व्यक्ति की मर्यादा को भंग करेगा और न ही उत्तेजनात्मक, साम्प्रदायिक नारे लगायेगा, जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुँचे या शान्ति–व्यवस्थां भंग होने की सम्भावना हा. ।उन्होंने निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान पर, घरों, दुकानों, भवनों की छतों पर ईंट, पत्थर, रोड़े, कांच की. बोतलें, लोहे की सरिया, फेंककर मारे जाने वाली वस्तुएं व ज्वलनशील पदार्थ एकत्रित नहीं करेगा और ना ही करायेगा। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों, परीक्षा स्थल व किसी भी सार्वजनिक स्थान पर बल्लम, चाकू, तलवार, भाला अथवा आ्ग्नेयास्त्र जैसे बन्दूक, पिस्टल एवं ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ जैसे तेजाब लेकर नहीं जायेगा और ना ही अपने पास रखेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रतिबन्ध ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी पर लागू नहीं होगा, अपाहिज या नेत्रहीन अपने सहारे के लिये छड़ी व सिक्ख धर्म के अनुयायी म्यान में कृपाण रख सकते हैं। कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों के आसपास 100 मीटर की परिधि में लाउडस्पीकर या अन्य ध्वनि प्रसारण यंत्र का प्रयोग बिना पूर्व अनुमति के नहीं करेगा। यह प्रतिबन्ध धार्मिक कार्यों के लिए परम्परागत रूप से शादी बारात, मन्दिर, मस्जिद, गुरुद्वारा में होने वाली प्रा. र्थना–सभा पर लागू नहीं होगा। संघ लोक सेवा आयोग, लोक सेवा आयोग की परीक्षायें निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोजित की जायेगी। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वज. निक स्थान के आस–पास किसी भी धमाकेदार आतिशबाजी या हवा में उड़कर आवाज करने वाली किसी आतिशबाजी का प्रयोग नहीं करेगा और न ही इसके लिये किसी को प्रेरित करेगा एवं कोई भी व्यक्ति सक्षम अधिकारी से अनुमति या लाइसेंस प्राप्त किये बिना कोई भी विस्फोटक पदार्थ, आतिशबाजी, पटाखे का निर्माण, भण्डारण करेगा, विक्रय, आदान–प्रदान एवं परिवहन नहीं करेगा ।अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर ने निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति विधि विरुद्ध प्रयोजन के लिए किसी सार्वजनिक स्थान पर पाँच या पाँच से अधिक व्यक्तियों का समूह नहीं बनायेगा और ना ही ऐसे समूह में शामिल होगा। साथ ही इसके रेलवे स्टेशन व सिविल लाइन की तरफ, शमशाद मार्केट व जमाल. पुर क्षेत्र के आस–पास एवं रेलवे रोड व मालगोदाम के आस–पास पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का समूह रात्रि के समय अनावश्यक रूप से एकत्र नहीं होंगे। यह प्रतिबन्ध ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी पर लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति भांग या शराब या अन्य किसी मादक पदार्थ का सेवन कर उद्दण्डता नहीं करेगा और न नशे की हालत में सड़क या सार्वजनिक स्थल पर घूमेगा। कोई भी व्यक्ति अपने यहां अपराधी प्रवृत्ति का किरायेदार नहीं रखेगा और यदि किसी विदेशी नागरिक को किरायेदार के रूप में रखेगा तो उसकी सूचना निकटतम पुलिस स्टेशन को अनिवार्य रूप से देगा। कोई भी व्यक्ति विभिन्न धर्मों, जातियों एवं सम्प्रदाय के मतावलम्बियों की धार्मिक अथवा जातीय भावनाओं को नहीं भड़कायेगा और न ही मन्दिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारा या पूजा के अन्य स्थानों का प्रयोग भड़काऊ भाषणों हेतु करेगा। कोई भी व्यक्ति न तो ऐसे क्रियाकलाप करेगा और ना ही ऐसा करने के लिए किसी को प्रेरित दृकरेगा जो विभिन्न जाति, धर्म, भाषा के मतावल्म्बियों के बीच पहले से विद्यमान तनाव एवं ईर्ष्या को और भड़काने का कार्य करें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि धारा–163 भारतीय नागरिक सुरक्षा अन्तर्गत यह आदेश महानगर क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है जोकि 13 जुलाई 2025 तक लागू रहेगा, यदि इससे पूर्व इसे निरस्त न कर दिया जाये। यदि कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह इस आदेश का उल्लंघन करेगा तो वह धारा–233 के अन्तर्गत एवं अन्य सुसंगत अधिनियमों एवं विधिक प्राविधानों के अन्तर्गत दण्ड का भागी होगा। यह आदेश सम्पूर्ण महानगर क्षेत्र अलीगढ़ में लागू होगा और समस्त व्यक्तियों पर लागू होगा जो इस अवधि में जिले के ग्रामीण क्षेत्र में रहेंगे या आवागमन करेंगे।

अलीगढ़ ।चलती ट्रेन अथवा रेलवे स्टेशन से चोरी करने वाले गिरोह के पांच अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इतना ही नहीं इन बदमाशों के कब्जे से 10 लाख रुपए के आभूषण और 10 हजार की नकदी बरामद की गई है। आपको बता दें कि अलीगढ़ में ट्रेनों व स्टेशन से यात्रियों का कीमती सामान उड़ाने वाले गिरोह के पांच बदमाश जीआरपी और आरपीएफ ने दबोच लिए और इनके कब्जे से चोरी किए गए दस लाख के सोने–चांदी के आभूषण और नकदी बरामद की है। इधर इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए सीओ इटावा उदयराज सिंह ने बताया कि जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक संदीप तोमर व एसएसआई अनिल पांचाल ने चेकिंग के दौरान निकासी द्वार के पास बैठे पांच युवकों को गिरफ्तार किया है और इनसे पूछताछ करने पर इन लोगों ने अपनी पहचान पंकज निवासी रामस्नेही कॉलोनी रामघाट रोड पीएसी थाना महुआ खेडा, गौरी निवासी पुरानी पुलिया नगला मानसिंह,थाना गांधी पार्क,नवाब निवासी देवी नगला,थाना महुआ खेडा,भगवती प्रसाद निवासी ग्राम विनामई थाना अतरौली और यादराम निवासी लेखराज नगर कॉलोनी देवी नगला थाना महुआ खेडा के रूप में बतायी है ।आपको बता दें कि अभियुक्तों का पुराना अपराधिक इतिहास भी है जिसके बारे में आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि वह ट्रेनों में और स्टेशन से कीमती सामान चोरी करने की वारदातों को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया करते थे जबकि अब पुलिस ने इनके खिलाफ कार्यवाही करते हुए मुकदमा पंजीकृत करके इन्हें जेल भेज दिया है।

# जिला मजिस्ट्रेट ने बीएसए कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



अलीगढ़ (जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। अचानक बीएसए कार्यालय में जिलाधिकारी को देख कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। पटल कार्मिक मेज पर रखी पत्रावलियों को व्यवस्थित करते नजर आए ।जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति, जीपीएफ एवं पेंशन पत्रावलियों एवं अन्य अभिलेखों का अवलोकन करते हुए शैक्षिक योजनाओं की प्रगति और जन शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पटल सहायकों की समीक्षा करते हुए शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के प्रोन्नति एवं चयन वेतनमान, सीसीएल एवं मेडिकल की पत्रावलियों का ससमय निस्तारण एवं अंकन करने के निद. ेश दिए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अभी तक 13 कर्मचारियों को जीपीएफ एवं पेंशन की अदायगी की गई है, जबकि 34 प्रकरण अभी भी लंबित हैं, जिन्हें जिलाधिकारी ने एक सप्ताह में निस्तारित करने के निर्देश दिए ।डीएम ने बीएसए को निर्देशित किया कि शिक्षक उपस्थिति, मध्याह्न भोजन, प्रेरणा पोर्टल की प्रविष्टि विषयों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत चयनित सभी पात्र बच्चों का नामांकन मान्यता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों में सु. निश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि विद्यालय नामांकन में अनावश्यक देरी या टालमटोल करते हैं तो उसे गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों को समय से शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शिक्षा विभाग को प्रतिबद्ध होना चाहिए ।निरीक्षण के दौरान सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज कुमार, बीएसए राकेश कुमार सिंह, एओ निखिल रंजन, एएओ ज्ञानेन्द्र कुमार एवं जिला समन्वयकगण उपस्थित रहे।

# हाईवे एवं सड़क किनारे अवैध एवं अव्यवस्थित रूप से खड़े होने वाले वाहनों के विरूद्ध चलाया जाए अभियान



अलीगढ़ आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़ संगीता सिंह ने सड़क किनारे अवैध एवं अव्यवस्थित रूप से खडे होने वाले वाहनों को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में मण्डल के सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक(यातायात) को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए हैं।मण्डलायुक्त ने अलीगढ़ के थाना लोधा क्षेत्र में विगत 08 मई को हुई सड़क दुर्घटना का संज्ञान लेते हुए बताया कि इसमें हाईवे के पास चिक. ित्वटी कट से पहले कैंटर वाहन खराब होने के बाद लापरवाही पूर्वक खड़ा करना रहा। उन्होंने कहा कि हाईवे एवं अन्य सड़क मार्गों पर अनेक वाहन चालकों द्वारा लाप. रवाही पूर्वक सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से वाहन खडे किये जाने के कारण दुर्घटनाओं की प्रबल सम्भावना सदैव बनी रहती है। मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में 02 मार्च को आहुत सड़क सुरक्षा के दृ ष्टिगत राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में भी उक्त के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं।उन्होंने बताया कि सड़को के किनारे ट्रकों, बसों एवं अन्य वाहनों की अवैध पार्किंग के कारण पीछे से आने वाले वाहनों से टक्कर होती है। ऐसे में सड़को पर अवैध पार्किंग रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जाये और सड़को पर अतिक्रमण ना होने दिया जाये। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस प्रकार होने वाली घटनाओं को पूर्ण रूप से रोकने एवं मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में दिये गये दिशा–निद. ेशों के क्रम में हाईवे, सड़क मार्गो, ढाबों के किनारे इस प्रकार खड़े होने वाले अवैध, अव्यवस्थित पार्क वाहनों पर रोक लगाने के लिए विशेषकर दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील स्थलों के थाना स्तर पर विशेष अभियान चलाकर यह सुनिश्चित किया जाये कि सड़को के किनारे अवैध, अव्यवस्थित रूप से कोई भी वाहन न खड़ा हो। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक थाना स्तर पर ऐसे वाहनों के विरूद्ध अपेक्षित कार्यवाही एवं अभियान के लिए सम्बन्धित का उत्तरदायित्व भी निर्धारित किया जाये, जिससे इस प्रकार के प्रकरण से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकें। उन्होंने अभियान की जनपदवार संकलित आख्या भी सप्ताह के प्रत्येक सोमवार को उपलब्ध कराने के साथ ही दिए गए निर्देशों का अनुपालन शीर्ष प्राथ. मिकता एवं कड़ाई से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

# शाह जमाल में मंगलवार की दोपहर लोगों के बीच उस वक्त अफरा तफरी भगदड़ व चीख पुकार मचगई



शाह जमाल में मंगलवार की दोपहर लोगों के बीच उस वक्त अफरा तफरी भगदड़ व चीख पुकार मचगई। जब अपने घर पहुंचे भतीजे जुबेर ने अपने घर में रह रही अपनी 50 वर्षीय छोटी बुआ माजदा को नीचे बुलाकर बिना कुछ कहे सुने तमंचे से गोली मार दी. घर के अंदर गोली चलने की आवाज सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। तो छोटी बुआ माजदा लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़ी तड़प रही थी। इस खौफनाक मंजर को देख परिवार में चीख पुकार मच गई और भतीजे द्वारा छोटी बुआ को गोली मारे जाने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गोली लगने से घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए एएमयू प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरा मामला देहली गेट थाना क्षेत्र के एडीए कॉलोनी शाहजमाल स्थित डबल टंकी के पास का है। यहां अपने पति से दूर अपने भाइयों के साथ उनके घर पर रह रही 50 वर्षीय बहन माजदा को अपने घर पहुंचे अतीने जुनैद ने नीचे बुलाकर गोली मार दी। भतीजे द्वारा अपनी बुआ को गोली मारे जाने की सूचना पर मौके पर पहुंचे एएसपी मयंक पाठक ने घटना को लेकर बताया। कि मंगलवार की दोपहर में शाहजमाल स्थित डबल टंकी के पास एक महिला माजदा को गोली लगने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा महिला को गोली मारने वाले आरोपी युवक जुनैद को हिरासत में लिया गया। तो वही गोली लगने से घायल हुई महिला को जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर कर दिया गया। जहां उसका उपचार जारी है। जबकि फील्ड यूनिट टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना करते हुए साक्ष्य संकलित किए जाएंगे। साथ ही तहरीर प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना की वजह जानने के लिए आरोपी युवक से पूछताछ की जा रही है ।जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां गंभीर हालत में उसका उपचार जारी है। तो वही अपनी बुआ को गोली मारने की वारदात को अंजाम देने के बाद थाने पहुंचे भतीजे ने पुलिस के सामने सरेंणड़र करते हुए अपना जुर्म कबूल किया। जिसके चलते पुलिस आरोपी को अपनी कस्टडी में लेकर पूछ. ताछ करते हुए मामले की जांच में जुटी है।

# एटा के जलेसर में ग्राम अरबगढ़ में जिला पंचायत सदस्य मुकेश यादव और उनके साथियों ने एससी समुदाय की महिलाओं पर हमला किया



एटा के जलेसर में ग्राम अरबगढ़ में जिला पंचायत सदस्य मुकेश यादव और उनके साथियों ने एससी समुदाय की महिलाओं पर हमला किया। यह घटना ग्राम सभा की भूमि पर अवैध कब्जे का विरोध करने पर हुई।इस भूमि पर काली माता, दुर्गा माता, हनुमान जी और भोले बाबा की मूर्तियां स्थापित हैं। आशा देवी और अन्य महिलाओं ने जब भूमि पर ईंट डालने का विरोध किया, तो आरोपियों ने लाठी–डंडों से हमला कर दिया।हमले में मंजू देवी, सर्वेश देवी, रेशमा देवी, रजनी कुमारी और आशा देवी घायल हुईं। मंजू देवी को गंभीर चोटों के कारण एटा के रानी अवंतीबाई अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित आशा देवी ने कोतवाली जलेसर में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमला जान से मारने की नीयत से किया गया।पुलिस ने मुकेश यादव और उनके साथियों के खिलाफ एससी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस घटना से गांव में डर का माहौल है।

# एटा में साप्ताहिक बंदी को लेकर व्यापारियों में रोष कर्मचारियों के साथ मिलकर डीएम को सौंपा ज्ञापन, नियमित बंदी का पालन कराने की मांग

एटा के जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह को व्यापारियों और कर्मचारियों ने साप्ताहिक बंदी के नियमित पालन को लेकर ज्ञापन सौंपा है। व्यापारियों का कहना है कि जिले में साप्ताहिक बंदी का पालन नहीं हो रहा है। इससे कंपनियों के कर्मचारियों को अवकाश के दिन भी काम करना पड़ रहा है।पहले नियमित रूप से साप्ताहिक बंदी होती थीव्यापारी नीरज कुमार ने बताया कि पहले नियमित रूप से साप्ताहिक बंदी होती थी। अब इसका पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापारी भी साप्ताहिक बंदी के पक्ष में हैं। बंदी न होने से घरेलू काम–काज प्रभावित हो रहे हैं। जिलाधिकारी ने इस मामले में आश्वासन दिया है।व्यापारियों ने बताया कि पहले श्रमिक विभाग को भी इस संबंध में लिखा गया था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन देने वालों में नीरज कुमार, रोहित भारद्वाज, आरिफ और गजेंद्र सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद थे।

# एटा में ईको कार पलट गई। हादसे में एक पीआरडी जवान की मौत

एटा में ईको कार पलट गई। हादसे में एक पीआरडी जवान की मौत हो गई और 6 लोग घायल हुए। मृतक की पहचान कासगंज के तैयबपुर थाना सिद्धपुरा निवासी दयाशंकर (50) के रूप में हुई है।घटना अवागढ़ थाना क्षेत्र के सिकरारी गांव के पास हुई। घायलों में रामगोपाल (50), बेदराम (60), हेतराम (40), बंटू (40), रामनिवास (50) और अमित (20) शामिल हैं। सभी घायलों को अवागढ़ स्थित अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।घायल रामगोपाल ने बताया कि वे सभी आगरा से अपने एक घायल भतीजे का हालचाल जानकर लौट रहे थे। रास्ते में ड्राइवर को नींद आ गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर पलट गई। स्थानीय ला.`गों ने कार में फंसे यात्रियों को बाहर निक. ला।थाना प्रभारी आवागढ़ कपिल कुमार नैन ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। पीआरडी जवान की मौत से उनके घर में शोक का माहौल है।

# एटा में एक परिवार ने दहेज की मांग को लेकर रिश्ता तोड़ने का मामला सामने आया

एटा में एक परिवार ने दहेज की मांग को लेकर रिश्ता तोड़ने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्यामनारायण सिंह से शिकायत की है। फिरोजाबाद के नगला गोसा निवासी कुलदीप ने बताया कि उनकी बहन पूजा की शादी कोतवाली देहात के नगला पुड़िहार निवासी अजीत से तय हुई थी।29 मई 2024 को होटल माया पैलेस में लड़के वाले लड़की देखने आए थे। लड़की पसंद आने पर गोद भराई की रस्म कर दी गई। इस दौरान लड़की पक्ष ने लड़के वालों को 3 लाख 30 हजार रुपए नकद दिए।11 जून को लड़के के पिता ने 10 लाख रुपए की अतिरिक्त मांग रख दी। उन्होंने कहा कि यह राशि नहीं देने पर शादी नहीं हा.`गी। इसके बाद लड़के पक्ष ने रिश्ता तोड़ दिया। जब पीड़ित परिवार ने पहले दी गई राशि वापस मांगी, तो लड़के वाले धमकाने लगे और पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। पीड़ित परिवार कानूनी कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। एसपी श्यामनारायण सिंह ने पीड़ित परिवार को मदद का आश्वासन दिया है।

# CM योगी ने कासगंज को दी 724 करोड़ रुपये की सौगात, मुख्यमंत्री बोलें– पुलिस का आधुनिकीकरण जरूरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कासगंज को बड़ी विकास सौगात दी. उन्होंने जिले में 724 करोड़ रुपये की 60 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया. इस दौरान सीएम योगी ने 191 करोड़ रुपये की लागत से बनी अत्याधुनिक पुलिस लाइन का उद्घाटन भी किया. यह पुलिस लाइन 25.63 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली है और इसे राज्य की सबसे आधुनिक पुलिस सुविधाओं में गिना जा रहा है. मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस का आधुनिक.ीकरण देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए जरूरी है और कासगंज पुलिस लाइन इस दिशा में एक मिसाल बनेगा.सीएम योगी ने कहा कि 2008 में कासगंज जिला तो बना, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने इसे विकास से दूर रखा. न पुलिस लाइन बनीं, न अफसरों के बैठने की समुचित व्यवस्था रही. "डीएम और एसपी को ब्लॉक में बैठना पड़ता था, इससे व्यवस्था कैसे चलेगी?" उन्होंने कहा कि 2017 से पहले की सरकारें गुंडों के साथ मिलकर अराजकता फैलाती थी और सज्जनों को प्रताड़ित करती थी. अब प्रदेश में कानून का राज है और पुलिस माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब बेटियां सुरक्षित हैं, व्यापारी निडर हैं, और गरीब को उसका हक मिल रहा है. उन्होंने पीएम मोदी द्वारा सेना के आधु. निकीकरण का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया, वैसे ही पुलिस को भी मजबूत और आधुनिक बनाना जरूरी है ताकि अंदरुनी सुरक्षा पुख्ता हो सके.मुख्यमंत्री योगी ने सोरों की पौराणिक महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह भगवान विष्णु के तीसरे अवतार वराह और महर्षि कपिल की तपोभूमि है. उन्होंने कहा कि जैसे अयोध्या, मथुरा और वृंदावन का विकास हो रहा है, वैसे ही सोरों को भी नया धार्मिक केंद्र बनाया जाएगा. नरदई पुल का सौंदर्यीकरण, म्यूजियम का निर्माण, झील का विकास और बाइपास सड़क निर्माण जैसे कई प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिली है.सीएम योगी ने कासगंज में मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय की नींव भी रखी, जो गरीब बच्चों को प्री–प्राइमरी से लेकर 12वीं तक की आधुनिक शिक्षा देगा. उन्होंने कहा कि अब हर बच्चे को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं मिलेंगी. सीएम ने जनप्रतिनिधियों और जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार ने जिस सुरक्षा, सुशासन और विकास का संकल्प लिया था, उसे कासगंज की धरती पर उतारा जा रहा है.कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने ऑपरेशन जागृति के लिए आगरा जोन को 'स्मार्ट पुलिसिंग अवॉर्ड' भी प्रदान किया और कई योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, चेक, लैपटॉप, आवास की चाबी और आयुष्मान कार्ड वित. रित किए. इस अवसर पर कई मंत्री, विधायक, और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे.

# कासगंज के सोरों गेट स्थित गीता हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान एक महिला की मौत का मामला सामने आया

कासगंज के सोरों गेट स्थित गीता हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान एक महिला की मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान एटा जिले के नगला गुला गांव निवासी 22 वर्षीय नैना देवी के रूप में हुई है।नैना को उसके पिता धर्मेंद्र कुमार 20 मई की शाम 7 बजे प्रसव के लिए गीता अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने एक घंटे बाद ऑपरेशन किया। नैना ने एक बच्ची को जन्म दिया। शुरुआत में स्थिति सामान्य थी।मंगलवार सुबह डॉ. प्रवीण अग्रवाल और गीता अग. वाल के इलाज के बाद नैना की हालत बिगड़ने लगी। सुबह 11 बजे उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों ने बिना सूचना दिए 11रू15 बजे शव को अस्पताल के बाहर खड़ी गाड़ी में रख दिया।परिवार ने बताया कि अस्पताल ने इलाज के नाम पर धीरे–धीरे 50 हजार रुपए वसूले। नैना की दो साल पहले शादी हुई थी। पहले बच्चे के जन्म को लेकर परिवार में खुशी का माहौल था, जो अब मातम में बदल गया है।मृतका के पिता ने कासगंज पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को शिकायत पत्र सौंपा है। उन्होंने डॉक्टर प्रवीण अग्रवाल और गीता अग्रवाल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। परिजन शव को अस्पताल के गेट पर रखकर न्याय की मांग कर रहे हैं।

# कासगंज ई–रिक्शा खराब हुई तो पैदल चले मां–बेटा...मगर सड़क पर मौत बनकर दौड़ा ट्रैक्टर

कासगंज सदर कोतवाली क्षेत्र में शहर से दवा लेकर जा रहे मां–बेटे को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल मां–बेटे को अलीगढ़ रेफर किया गया। रास्ते में बेटे की मौत हो गई, जबकि मां को गंभीर स्थिति में अलीगढ़ में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बेटे के शव का पा.`स्टमार्टम कराया है।सोरोंजी क्षेत्र के ग्राम नगला बगिया निवासी गीता पत्नी हरिओम सिंह अपने छह वर्षीय बेटे ऋषभ के साथ सोमवार की शाम शहर के नबाब मोहल्ला में एक निजी चिकित्सक के यहां दवा लेने आई थी। बेटे को जुकाम व बुखार था। दवा लेने के बाद जब वह लगभग सात बजे ई–रिक्शा से वापस जा रही थी। किलोनी के गांव के समीप ई–रिक्शा की बैट्री डाउन हो गई। जिसके बाद वह पैदल जा रहे थे। तभी एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनमें टक्कर मार दी। जिससे दोनों ही गंभीर घायल हो गए। हादसे पर राहगीर एकत्रित हो गए और सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मां–बेटे को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां से दोनों को डॉक्टर ने गंभीर देखते हुए अलीगढ़ रेफर कर दिया। अलीगढ़ ले जाते समय बेटा ऋषभ ने दम तोड़ दिया। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मां गीता को अलीगढ़ में भर्ती कराया गया सदर कोतवाली प्रभारी लोकेश भाटी ने बताया मृतक बालक के शव का पा.`स्टमार्टम कराया गया है। ट्रैक्टर पुलिस के कब्जे में है। चालक मौके से फरार है। परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल चालक की तलाश जारी है। सड़क हादसे में ट्रैक्टर की टक्कर से मृतक बालक ऋषभ अपने दो बहनों के बीच अकेला भाई था। उसकी एक बहन राशि सात वर्ष एवं दूसरी बहन राखी उम्र दो वर्ष है। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

# कासगंज 724 करोड़ की सौगात पर लोग गदगद...किया सीएम योगी का दिल से शुक्रिया

कासगंज पुलिस लाइन का उद्घाटन करने आए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद को तमाम सौगात दी। 724 करोड़ की 60 परियोजनाओं का मंच से बटन दबाकर लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कासगंज को विष्णु भगवान का तृतीय अवतार तो संभल में दसवां अवतार बताया। सीएम ने सोरों में विकास और दरियागंज झील और झाल के पुल को पर्यटन केंद्र बनाने की बात कही। साथ सहावर, सोरों, गंजडुंडवारा, पटियाली तक बाईपास सड़क बनाने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार की दोपहर 12 बजे स्थाई पुलिस लाइन में बने मंच पर पहुंचे। जहां उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए जिले के विकास के लिए तमाम योजनाओं को ऐलान किया। सीएम की इस सौगात पर लोगों ने उनका शुक्रिया अदा किया। वरिष्ठ भाजपा नेत्री अनीता उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के का दिल से धन्यवाद देती हूं, उन्होंने कासगंज को



इस लायक समझा और आने वाले समय में हमारे सोरों शूकर क्षेत्र के लिए और भी सौगात देंगे। राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ ने कहा कि सीएम योगी ने कासगंज की जनता के लिए जो विकास के वादे किए हैं, वो जल्द पूरे होंगे, जिले के विकास को पंख लगेंगे। नई नई योजनाओं से हमारे सोरों शूकर क्षेत्र का भी विकास होगा।भाजपा नेता राहुल मिश्रा ने बताया कि सीएम ने कासगंज में 724 करोड़ रुपए की 60 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया है। जिससे जिले का विकास होगा। रोजगार भी बढ़ेगा। वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का तहेदिल से धन्यवाद करते हैं। महिला नेत्री निरुपम राठी के मुताबिक मुख्यमंत्री ने 724 करोड़ की सौगात दी है, वह बहुत अच्छी हैं। आज तक पुलिस लाइन में नहीं हुआ था, जैसा उन्होंने किया है। आगे भी हमें उम्मीद है कि सोरों शूकर क्षेत्र के लिए विकास करेंगे। काफी तरक्की करेंगे। वह कासगंज और झाल के पुल के लिए विकास का काम करेंगे।

# एटा जिले के मारहरा कस्बे में अस्पताल चौराहे पर मंगलवार सुबह एक अजीब घटना सामने आई

एटा जिले के मारहरा कस्बे में अस्पताल चौराहे पर मंगलवार सुबह एक अजीब घटना सामने आई। बंदरों की उछल–कूद से ट्रांसफॉर्मर में शॉर्ट सर्किट हो गया। इससे आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। इस हादसे में दो चाय की दुकानें पूरी तरह जल गईं। दो बंदर भी आग की चपेट में आकर मर गए। घटना के दौरान इलाके में अफरा–तफरी मच गई। आसपास के दुकानदारों ने भागकर अपनी जान बचाई।40 से 50 हजार रुपए का नुकसान हुआस्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग की तेज लपटों के कारण यह संभव नहीं हो सका। सूचना मिलते ही पुलिस और विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया। फायर ब्रिगेड ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।प्रत्यक्षदर्शी मोहम्मद अयान के अनुसार, इस घटना से लगभग 40 से 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। थाना प्रभारी मारहरा के.के. लोधी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया गया। इस हादसे में किसी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।